# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 26.05.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना फतेहगंज पुलिस द्वारा समरसेबल चोरी करने वाले अभियुक्त को सूचना के 04 घण्टे के भीतर किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की समरसेबल बरामद।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 26.05.2025 को थाना फतेहगंज पुलिस द्वारा समरसेबल चोरी करने वाले अभियुक्त को सूचना के 04 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना फतेहगंज क्षेत्र के कुरुहूं निवासी भूपत पुत्र धनीराम द्वारा आज दिनांक 26.05.2025 को थाना फतेहगंज पर नामजद सूचना दी कि दिनांक 20.05.2025 की रात्रि को उनके खेत से समरसेबल चोरी कर ली गई है। जिस पर थाना फतेहगंज पर अभियोग पंजीकृत करते हुए पुलिस द्वारा अभियुक्त को सूचना के 04 घण्टे के भीतर कुरुहूं मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की समरसेबल बरामद हुआ है। अभियुक्त को नियमानुसार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**बरामदगी-**

- 01 अदद समरसेबल (चोरी के)

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. मनफूल पटेल पुत्र राजाराम निवासी जरैला अंश कुरूहूं थाना फतेहगंज जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 37/25 धारा 8303(2)/317(2) बीएनएस थाना फतेहगंज जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री गिरीश चन्द्र यादव
2. कां0 दिलीप कुमार
3. कां0 शेखराज